IDBI BANK

Bank Aisa Dost Jaisa



# स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

## आइए, जश्न मनाए एक ऐसे रिश्ते का जो जीवन भर चलने वाला है.

प्रिय ग्राहको,

आज जब हम 1 अक्टूबर 2021 को आईडीबीआई बैंक का स्थापना दिवस मना रहे हैं, ऐसे में मैं अपने उन सभी ग्राहकों को हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूं जो वर्षों से हमारे साथ खड़े रहे हैं. अपने वित्तीय भागीदार के रूप में आईडीबीआई बैंक पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद. आपकी सेवा करना वास्तव में हमारे लिए सौभाग्य की बात है.

**"बैंक ऐसा दोस्त जैसा"** की अपनी ब्रांड पहचान के अनुरूप, हम इस बात को भलीभाँति मानते हैं कि बैंक और ग्राहक के बीच का नाता महज लेन-देन से कहीं अधिक होता है – वस्तुतः यह रिश्ते में एक प्रकार का निवेश ही है. आईडीबीआई बैंक का मूल सिद्धांत अपने सभी ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लक्षित पेशकशों और सलाहकार सेवाओं के माध्यम से उन्हें अपने लक्ष्यों को पूरा करने में सक्षम बनाना है. अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बैंकिंग क्षेत्र में परिचालन करते हुए, हमने अपने प्रयासों और पहलों को हमारे ग्राहकों के जीवन के प्रत्येक चरण में पड़ने वाली वित्तीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर ही तैयार किया है. हमारी अपनी पहचान महज ग्राहकों के अनुकूल विभिन्न वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने से नहीं, बल्कि उन सेवाओं की डिलीवरी से बनी है. यही बात तो हमें कुछ खास बनाती है. हम आपके समय का सम्मान करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि आपके साथ हर संवाद और हर लेन-देन में आपकी सुविधा और सहजता को प्राथमिकता दी जाए. इसीलिए हमने अपनी अत्याधुनिक तकनीक का लाभ उठाते हुए आपको मोबाइल बैंकिंग ऐप, इंटरनेट बैंकिंग सुविधा और फोन बैंकिंग सेवाओं सहित कई वैकल्पिक और डिजिटल साधन प्रदान किए हैं ताकि आपके लिए हमारे साथ बैंकिंग करना आसान हो जाए. आपका स्वागत और आपसे संवाद, हमारे लिए गर्व की बात है. चाहे कोई ग्राहक फोन करे या सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट/ ट्वीट करे या फिर हमारी शाखा में पधारे, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हम आपकी बात सुनें और आपकी समस्या, यदि कोई हो, तो उसका सर्वोत्तम संभव तरीके से और समय पर हल करने का प्रयास करें. हर परिस्थिति में अपने ग्राहकों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता कोविड-19 महामारी के बीच भी देखी गई है. सख्त लॉकडाउन के बावजूद, हमने सुनिश्चित किया कि हमारी शाखाएं खुली रहें, एटीएम काम करते रहें, हमारे सभी ग्राहकों को निर्बाध बैंकिंग सुविधा सुनिश्चित करने के लिए फोन बैंकिंग सेवाएं और डिजिटल चैनल उपलब्ध हों. हमारे सभी प्रयासों के पीछे हमारा उद्देश्य भरोसे, ईमानदारी और अच्छे विश्वास की नींव पर अपने सभी ग्राहकों के साथ बैंकिंग संबंध बनाना है.

बैंक के स्थापना दिवस के अवसर पर मैं बैंक की इस प्रतिबद्धता को दोहराना चाहूँगा कि हम अपने ग्राहकों के लिए गुणवत्ता और सेवाओं के उच्चतम मानक सुनिश्चित करते रहेंगे. हम ग्राहकों को लगातार विशिष्ट बैंकिंग अनुभव प्रदान करते हुए बैंक के संकल्प **"सभी हितधारकों के लिए मूल्य में वृद्धि करने वाला सबसे पसंदीदा और विश्वसनीय बैंक"** होने के अनुकूल प्रतिबद्ध बने रहेंगे. जब हम आने वाले वर्ष की ओर देखते हैं तो हमें विश्वास होता है कि हम अपनी रणनीतिक कारोबार योजना को मजबूती से आगे बढ़ाते हुए एक और महत्वपूर्ण और सफल वर्ष की ओर अग्रसर हो रहे हैं.

आईडीबीआई बैंक परिवार की ओर से मैं आपके विश्वास और भरोसे के लिए एक बार फिर से धन्यवाद देना चाहूँगा कि आपने हमारी टीम पर भरोसा बनाए रखा. आपका और हमारा सतत व सुखद साथ बना रहे, अच्छे समय का यह सिलसिला जारी रहे, यही कामना है.

**राकेश शर्मा**
**प्रबंध निदेशक एवं सीईओ**
**आईडीबीआई बैंक**